संक्षिप्त

पौधारोपण का लिया जायजा

पावटा, (निसं)। कोटपुतली बहरोड जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व उपखंड अधिकारी पावटा कपिल उपाध्याय व तहसीलदार प्रवीण सैनी ने ग्राम पंचायत टसकोला पंचायत का दौरा कर खेल मैदान में किये पौधारोपण का जायजा लिया। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहाँ कि पौधारोपण के साथ-साथ वृक्षों की सुरक्षा की ओर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। इस कार्य को लेकर सभी को जागरूक होना होगा। इस मौके पर सरपंच श्रवण देवी यादव, खनन विभाग से अमीचंद दुहारिया, मुकेश टांक, यादव समाज अध्यक्ष भैरूराम हुल्डा, गिरदावर राम निवास मीणा, समाज सेवी जीतू हुल्डा, अशोक, प्रभुदयाल, जगदीश चौहान, भोमा राम सैनी सहित राजस्व व पंचायती राज विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

ग्रामीणों का 31वें दिन भी धरना जारी

कोटपूतली, (निसं)। ग्राम चतुर्भुज में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाये जाने के विरोध में चतुर्भुज बचाओ आंदोलन के तहत ग्राम चतुर्भुज एवं मोहनपुरा-जोधपुरा के संयुक्त तत्वाधान में धरणार्थियों ने मंगलवार को लगातार 31 वें दिन भी धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध प्रकट किया। धरने में सैकडों महिला एवं पुरुषों ने एक स्वर में कहा कि जब तक सरकार सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को स्थानांतरित करने का आदेश नहीं दे देती तब तक धरना प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्ललावास, गंगादीन आर्य, गिरिराज भारती, सत्यनारायण शर्मा, किशनलाल स्वामी, खेमचंद स्वामी, जिला पार्षद प्रतिनिधि अमीचंद धानका, दिलीप यादव, त्रिलोक शर्मा, मंगल दत्त शर्मा, नारायण शर्मा, हवलदार गंगाराम भरगड़, राजूराम यादव, सुभाष शर्मा, हरिराम आदि महिलायें मौजूद रही।

देवायुष सिंह का किया स्वागत

कोटपूतली, (निसं)। जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह के प्रतिनिधि व भाजपा नेता राजकुमार देवायुष सिंह शाहपुरा का सोमवार शाम कोटपूतली आगमन पर राजमार्ग स्थित ग्राम खेडकी वीरभान के भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना के नेतृत्व में स्वागत किया। इस दौरान देवायुष का माला, साफा पहनाकर व स्वामी विवेकानंद का चित्र भेंटकर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि करण पटेल, भाजपा नेता यादराम जांगल, पूरब मंडल संयोजक इंजी. विक्रम कसाना, जिला कोषाध्यक्ष शशि मित्तल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बलेश गुर्जर, टिंकु सिंह पाथरेडी, अशोक कसाना, कमल पटेल समेत अन्य कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

डिग्गी मेला तैयारी बैठक आज

मालपुरा,(निसं)। तीर्थ स्थल डिग्गी में 11 अगस्त से आयोजित होने वाले लक्खी मेले की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आज बैठक होगी। कार्यवाहक उपखण्ड अधिकारी कपिल शर्मा ने बताया कि राजस्थान के प्रमुख तीर्थ स्थलो मे शामिल डिग्गी कल्याण जी की नगरी मे 11 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले 59वें लक्खी मैले मे कल्याण भक्तो को सुरक्षा व सुविधा मुहैया करवाये जाने के साथ-साथ कानून व्यवस्था की दृष्टि से मैले से पूर्व सभी व्यवस्थाऐं चाक चौबंद करने को लेकर बुधवार को दोपहर 2 बजे पंचायत समिति मालपुरा के सभागार मे बैठक होगी। जिला कलेक्टर सौम्या झां की अध्यक्षता मे आयोजित बैठक मे जिला व उपखण्ड स्तर के सभी विभागो के अधिकारी पूर्व मैला सम्बन्धि व्यवस्थाओं के दस्तावेजो के साथ उपस्थित रहेगें।

जगदीश गुर्जर बने अध्यक्ष

मालपुरा, (निसं)। कृषि उपज मंडी समिति मालपुरा के पल्लेदार संघ की हुई बैठक में जगदीश गुर्जर को सर्व सम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। संगठन की नवीन कार्यकारिणी ने गुर्जर के साथ उपाध्यक्ष रामरतन चौधरी, कोषाध्यक्ष आशाराम सैनी, महामंत्री बैजनाथ खारोल, प्रचार मंत्री मो. हमीद सहित कार्यकारिणी सदस्य के रूप मे हीरालाल गुर्जर, बुधराम मीणा, मुकेश चौधरी, जाकिर हुसैन, सत्यनारायण गुर्जर आदि को जिम्मेदारियां सौंपी गई।

51 छतरियों का निःशुल्क वितरण

निवाइ, (निसं)। मानव कल्याण समिति द्वारा इमाम चौक में असहाय, विधवा महिला, दिव्यांग, एकल महिला व पुरुषों को समिति के संरक्षक मुकेश जैन बनेठा के सानिध्य में बरसात से बचाव के लिए 51 छतरियों का निःशुल्क वितरण किया गया।

प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्ता के साथ यथाशीघ्र पूर्ण करावें : कलेक्टर

अलवर, (निसं)। जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता ने कलक्ट्रेट सभागार में जिले में आधारभूत संरचना के प्रगतिशील कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्ता के साथ यथाशीघ्र पूर्ण करावें ताकि आमजन को जल्द सुविधा उपलब्ध हो सके।

जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रगतिरत निर्माण कार्यों के निर्माण में गुणवत्ता की प्रभावी मॉनिटरिंग करें। बजट घोषणाओं के तहत स्वीकृत कार्यों हेतु सर्वप्रथम भूमि आवंटन के कार्यों को अविलम्ब पूर्ण करावे। जिला स्तर के कार्यों को पूर्ण कर प्रस्ताव विभाग को भिजवाए ताकि कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण हो सके। उन्होंने यूआईटी की सचिव को निर्देश दिये कि बुध विहार व हसन खां मेवात नगर में बरसाती जल संरक्षण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग के कार्यों के प्रस्ताव तैयार करें। ई-लाइब्रेरी के कार्यों को यथाशीघ्र प्रारम्भ करावे। साइंस सेंटर हेतु भूमि चिन्हित करें तथा जिन कार्यों के टैंडर जारी हो चुके हैं उनकी प्रक्रिया को पूर्ण कर कार्यादेश जारी करे। उन्होंने जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक को निर्देश दिये कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित चिन्हित की गई आंगनबाडियों का सीएसआर के माध्यम से मरम्मत व सौन्दर्यकरण के कार्य करावे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हित किए गए बडे गांव व कस्बों में भी सीएसआर के माध्यम से ई-लाइब्रेरी बनवाए।

उन्होंने आरएसआरडीसी के परियोजना निदेशक को निर्देश दिये कि शिशु वार्ड को शिशु विभाग में अपग्रेड करने के कार्य का तकमीना एक सप्ताह में तैयार करे। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि भाखेडा बांध के मरम्मत व जीर्णोद्धार कार्य की वन विभाग से ऑनलाइन स्वीकृति हेतु आवेदन करें तथा शेष बजट घोषणाओं के संबंध में विभाग से समन्वय करे। उन्होंने रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक को निर्देश दिये कि सौंखरी कठूमर के प्रस्तावित नवीन औद्योगिक क्षेत्रा हेतु भूमि आवंटन के कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करावे तथा नगरीय व औद्योगिक क्षेत्रा में हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल पर सीईटीपी एवं एसटीपी का निर्माण व संचालन कराए जाने व उसके चलते रिसाइकल किए जाने की कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने आधारभूत संरचनाओं के प्रगतिरत कार्यों के संबंध में जलदाय, विद्युत एवं वन विभाग की पृथक से बैठक बुलाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर आशीष गुप्ता ने समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

■ जलदाय, विद्युत एवं वन विभाग की पृथक से बैठक बुलाने के निर्देश दिये

आर्यिका विज्ञाश्री को चढ़ाया श्रीफल

निवाई/ गुन्सी, (निसं)। सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा सहस्त्र कूट जिनालय विज्ञा तीर्थ गुन्सी में आयोजित चातुर्मास 2024 के लिए आर्यिका विज्ञाश्री माताजी संघ को संगीत एवं जयधोष के साथ श्रीफल अर्घ्य चढ़ाकर चातुर्मास करने को लेकर सैकडों श्रद्धालुओं ने अनुनय विनय कर निवेदन किया। विज्ञा तीर्थ गुन्सी के संयोजक हितेश छाबडा एवं विमल जौंला ने बताया कि चातुर्मास विज्ञा तीर्थ गुन्सी पर करवाने को लेकर सैकडों श्रद्धालुओं ने आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के समक्ष श्रीफल चढ़ाकर निवेदन किया एवं देश में खुशहाली एवं विश्व शांति की कामना को लेकर अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना की। विज्ञा तीर्थ क्षेत्र के व्यवस्थापक विजय गंगवाल एवं मीडिया प्रभारी विमल जौंला ने बताया कि बुधवार को क्षेत्र पर चातुर्मास को लेकर बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पण्डित विमल बनेठा, महावीर प्रसाद पराणा, हितेश छाबडा, शिखरचंद काला, हेमचंद संघी, त्रिलोक जैन, महेन्द्र चंवरिया, महावीर प्रसाद मौजूद थे।

शिव महापुराण कथा में मनाया गणेश जन्मोत्सव

श्रीमाधोपुर, (निसं)। माहेश्वरी धर्मशाला में चल रही शिव महापुराण कथा में कथावाचक बृज बिहारी शास्त्री ने शिव-पार्वती के विवाह के बाद विदाई तथा भगवान गणेश जन्मोत्सव की कथा का प्रसंग सुनाया। इस दौरान भगवान गणेशजी का जन्मोत्सव मनाया गया।

कथावाचक ने कार्तिकेय और गणेश जन्म की कथा सुनाई। कथावाचक ने ताडकासुर के अत्याचार से देवताओं को मुक्त करने के लिए ही भगवान शिव के तेज से कार्तिकेय की उत्पत्ति हुई। माता पार्वती ने अपने मैल से भी एक पुत्र को उत्पन्न किया जो अत्यंत ही बलशाली और तेजवान हुआ जिसका नाम गणेश पडा। भगवान शिव के त्रिशूल से गणेश का सिर कटा एवं उनकी कृपा से ही पुनःगज का शीश मिला, इससे उनका नाम गजानन पडा। बिना गणेश की पूजा किये यदि कोई किसी देवता की पूजा करे तो देवता उसकी पूजा स्वीकार नहीं करते। कथावाचक ने कहा कि तीन प्रकार के अहंकार सतगुणी, रजोगुणी, तमोगुणी अहंकार ही तीन असुर हैं। इनसे ग्रस्त जीव ही पशु है अर्थात पाश से बद्ध है। पाश से बद्ध जीव यदि भगवान शिव की शरण में आ जाए तो भगवान पशुपतिनाथ पशुत्व से युक्त जीव का उद्धार करते हैं। इस दौरान भगवान गणेश के जन्मोत्सव के दौरान भजनों पर खुब झूमे। नरेश चौधरी, आशीष व संपत चौधरी ने बताया कि शिव महापुराण कथा का समापन आज होगा। कथा को सुनने बडी संख्या में कस्बे सहित आसपास के गांवों से शिवभक्त जुट रहे है। इस मौके पर पवन कुमार, शिंभू दयाल, भवानी शंकर चौधरी महेंद्र सोलावाला, कैलाश गोपालका, कृष्ण गोकुलका, बजरंग लाल अमरसरिया, अर्जुन चौधरी, प्रकाश जैन, मुरारी न्यारिया, भवानी शंकर चौधरी, बजरंग लाल गोपालका, सुरेश पटवारी, महावीर सोनी, रामचन्द्र सैन, रामतीर्थ जोशी, दीनानाथ पंजाबी, डा. माधव सिंह, रामबाबू कयाल, प्रदीप चौधरी, रामावतार अआगीवाल, सुरेश चोटिया, महावीर पारीक, सत्यनारायण शर्मा, प्रकाश चंदजैन आदि मौजूद थे।

कथावाचक बृज बिहारी शास्त्री ने शिव-पार्वती के विवाह के बाद विदाई तथा भगवान गणेश जन्मोत्सव की कथा का प्रसंग सुनाया।

विद्यार्थियों को यातायात के नियम बताये

कोटपूतली, (निसं)। राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में मंगलवार को यातायात पुलिस द्वारा विद्यार्थियों को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई।

प्राचार्य प्रो. आर.के.सिंह ने बताया कि यातायात पुलिस से हैड कानि. अरविन्द भारद्वाज व हनुमान गुर्जर ने विद्यार्थियों को यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए सडक सुरक्षा सम्बन्धित सुरक्षा उपकरण जैसे हेलमेंट, सीट बेल्ट आदि के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि दुपहिया वाहन पर हेलमेट का उपयोग करना चाहिये तथा चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करना चाहिये।

उन्होंने कहा कि जीवन अनमोल है, हमें सडक पर चलते समय दुर्घटना से देर भली, सावधानी हटी दुर्घटना घटी सिद्वान्त का उपयोग करना चाहिये। सेवानिवृत प्रो. सूर्यप्रताप सिंह राठौड व राजस्थान विश्वविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग के प्रो. अमित कोटिया ने महाविद्यालय में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. उर्मिल महलावत, प्रो. मधु नागर, प्रो. पी.सी.जाट, प्रो. शीशराम यादव, प्रो. अशोक सिंह, डॉ. हुक्म सिंह, प्रो. सज्जन सिंह, प्रो. बाबूलाल मीणा, प्रो. संदीप आर्य, प्रो. जितेन्द्र कुमार यादव, प्रो.योगेश यादव आदि संकाय सदस्य सहित बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहें।

यातायात पुलिस द्वारा यातायात के नियमों की जानकारी दी गई।

बसपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

कोटपूतली, (निसं)। बसपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में दलित, आदिवासी व पिछडे वर्गो पर लगातार हो रहे अत्याचार के विरोध में राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में जिला प्रभारी दीपचंद आर्य समेत धर्मचंद सैनी, जिलाध्यक्ष एड. नीरज कुमार नैनावत, गिरिराज आर्य, बनवारी लाल रजक, रोहिताश वाल्मिकी, नरेश वाल्मिकी, मोहनलाल मीणा, रोशन लाल आर्य, एड. प्रदीप आर्य, एड. कुलदीप बांयला, जितेन्द्र नैनावत, नागेश मामोडिया आदि ने बताया कि भाजपा शासन में भी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की तरह निरन्तर इस प्रकार की घटनायें हो रही है, जिन्हें रोकने में राज्य सरकार प्रभावी भूमिका नहीं निभा पा रही है।

हाल ही में सलुम्बर जिले में दलित अध्यापक शंकर लाल की तलवार से गला काट कर बेरहमी से हत्या कर दी गई।

वहीं भीलवाड़ा में दलित बालिका के साथ अध्यापक द्वारा जाति के नाम पर बेरहमी से मारपीट, जालौर में बसपा से वर्ष 2013 में विधानसभा प्रत्याशी रहे विजय देवासी की घर में सोते वक्त बेरहमी से हत्या, डीग जिले के कुम्हेर में कुम्हार समाज के युवा की पुलिस द्वारा गौ तस्कर के नाम पर गोली मारकर हत्या व सवाई माधोपुर में आदिवासी समाज की बच्ची के बलात्कार के बाद हत्या कर देने जैसी घटनायें हुई है। सरकार बदलने के बाद भी इनमे कोई कमी नहीं आई है। साथ ही अपराधियों में कानून का डर खत्म हो रहा है। बसपा कार्यकर्ताओं ने उक्त सभी प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही एवं पीडित परिवारों को मुआवजा व नौकरी जैसी सहायता दिलवाये जाने की मांग की है।

कैरियर काउन्सिलिंग व रोज़गार मेला आयोजित करने का लिया निर्णय

सांभरझील, (निसं)। यहां नागरिक विकास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल गट्टानी के नेतृत्व में राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रतिनिधि प्रो.डॉ मोहम्मद अनवर क़ुरैशी, प्रो. डॉ जयाराय, डॉ भीमराव अंबेडकर चेतना समिति के अध्यक्ष व राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रतिनिधि विनोद दुलारिया, पीएम श्री दरबार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य टीकम चंद मालाकर व नागरिक विकास समिति के सचिव जितेंद्र डाँगरा, परमानन्द पाराशर प्रो. डॉ ज्ञान प्रकाश दायमा (सेवानिवृत प्राचार्य) की संयुक्त सभा का आयोजन किया गया।

सभा में सर्वसम्मति से सितंबर माह में विद्यालयों व महाविद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों का कैरियर काउन्सिलिंग के माध्यम से शिक्षा अर्जन उपरांत रोज़गार प्राप्त करने के सन्दर्भ में उचित मार्गदर्शन करने व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न धाराओं में शिक्षित बेरोज़गार युवकों व युवतियों को रोज़गार मेला आयोजित कर उन्हें रोज़गार उपलब्ध करवाने का प्रयास करने के संदर्भ में विचार मंथन किया गया। रोज़गार मेले में अधिक से अधिक बेरोजगारों की सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए गूगल फ़ॉर्म का एक लिंक तैयार किया गया जिसे सांभर के सभी वॉट्सऐप ग्रुप में जल्दी ही प्रसारित किया जाएगा व आवेदनकर्ताओं की सुविधा की दृष्टी से आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी भी तैयार की गयी जिसे सिलाई केंद् से प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे के मध्य निःशुल्क प्राप्त कर अंतिम तिथि 16 अगस्त तक पुनः सिलाई केंद्र जमा करवाना होगा। ऑफ लाइन व ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों में वर्णित शैक्षिणक योग्यता अनुसार बेरोज़गार युवकों की सूची तैयार की जाएगी और उन्हें सितंबर माह में आयोजित होने वाले रोज़गार मेले में आमंत्रित निजी कम्पनियों, निजी बैंकों व निजी संस्थाओं के समक्ष साक्षात्कार देने हेतु उपस्थित होना पडेगा। तद्उपरांत योग्य बेरोज़गार युवकों युवतियों व विद्यार्थियों का निजी क्षेत्र में सेवा हेतु चयन किया जाकर उन्हें रोज़गार उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा।

नागरिक विकास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल गट्टानी के नेतृत्व में संयुक्त सभा का आयोजन किया गया।

■ अधिकाधक बेरोजगारों की सहभागिता के लिए गूगल फ़ॉर्म का एक लिंक तैयार किया

सार-समाचार

रोड बनवाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

निवाई, (निसं)। नला रोड से दादिया ढाणी तक रोड बनवाने व रास्ते में हो रहे अतिक्रमण हटवाने की मांग का ढाणीवासियों ने एसडीम सुरेशकुमार हरसोलिया व तहसीलदार नरेश गुर्जर को ज्ञापन सौंपा है। विजयराम मीणा, धारासिंह सैन, लक्ष्मण सिंह, विजय सिंह, प्रभुलाल, हेमराज, विमल, आत्माराम, देवराज, आशाराम, मीनाक्षी मीणा, सम्पत कंवर, सोसर देवी, प्रधानाध्याक ललिता, सरपंच शीला मीणा सहित कई ढाणीवासियों ने बताया कि नला रोड से दादिया ढाणी की दूरी करीब 500 मीटर है जिसमें रोड नहीं है। रास्ते में गहरे गढढे हो रहे है। जिनमें बरसाती पानी भरा हुआ है। जिसकी वजह से आमजन सहित विद्यालय जाने वाले बच्चों को परेशानी उठानी पड रही है। ज्ञापन में रास्ते से अतिक्रमण हटवाकर रोड बनवाने की मांग की है।

अखंड सहस्त्र घट का आयोजन

निवाई, (निसं)। कृषि मंडी में स्थित शिवालय में मंगलवार को आचार्य पं. रामकल्याण शास्त्री के निर्देशन में सिया गोपी ग्रुप के तत्वावधान में अखंड सहस्त्र घट का आयोजन हुआ। ग्रुप की अध्यक्ष वैशाली गुप्ता ने बताया कि शिवालय में आचार्य पं. रामकल्याण शास्त्री के निर्देशन में पं. गिर्राज शास्त्री, पं. मोहनलाल, पं. रामरतन व पं. मोहित शर्मा के सानिध्य में ग्रुप के सदस्य व अन्य श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा कर जलाभिषेक किया। सहस्त्र घट के बाद भगवान भोलेनाथ का पुष्पों से विशेष श्रृंगार किया गया। इसके बाद भोग लगाकर महा आरती की गई जिसमें श्रद्धालु उमड पडे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने ओम नमः शिवाय, हर-हर महादेव के जयकारों से मंदिर परिसर को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर कृष्णा खंडेलवाल, ऊषा कुमावत, सविता जांगिड, पिंकी टोडवाल, चंद्रकला खंडेलवाल, संगीता खंडेलवाल, कृपा अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, मिथिलेश पारीक, मंजू टोडवाल, रितु टोडवाल, ललिता नाटाणी, पार्वती टेलर, मंजू नाटाणी, उमा टोडवाल, सुनीता अग्रवाल, रीना द्विवेदी, अलका विजय, उर्मिला विजय एवं शानू गुप्ता सहित सैकडों महिलाएं मौजूद थी।

कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ

पावटा, (निसं)। बाबा भूतनाथ कांवड सेवा संघ पावटा व संकल्प हरियाली गौ सेवा समिति के तत्वावधान में सातंवा कांवड सेवा शिविर का रविवार को शुभारंभ भरतदास धाम टोरडा महंत मंगलदास महाराज, गोपाल भैया मन्दिर महंत मोहनदास रामायणी, भोमया जी महाराज महंत सेवादास महाराज के सानिंध्य व कर कमलो एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक कुलदीप धनकड द्वारा पूजा अर्चना कर कावड सेवा शिविर का शुभारभ किया गया। वही शक्ति कावड सेवा संघ रजि. पावटा द्वारा शिव भक्त कांवडियों का पुराना पेट्रोल पंप के पास 21वें शिविर का भरतदास धाम टोरडा महंत मंगलदास महाराज के सानिंध्य व उपखंड अधिकारी पावटा कपिल उपाध्याय, वाइस चेयरमेन नरपत सिंह, पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा, डॉ. अशोक जाट, शिक्षक दुर्गादत्त भारद्वाज सहित गणमान्य लोगों की उपस्थिति में पंडित मनीष शास्त्री द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करवाकर शुभारभ किया गया। इस अवसर पर भगवान शिव की भव्य आरती का भी आयोजन किया गया। इन शिविरों में हरिद्वार और गंगोत्री से गंगाजल लेकर आने वाले शिवभक्तों के लिए शुद्ध भोजन, पेय, स्नान और विश्राम की व्यवस्था की गई है। चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी से भेंट की

कोटपूतली, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र यादव के नेतृत्व में मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक रामसिंह यादव एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक राकेश शर्मा व एसीबीईओ दयाराम चौरडिया से मुलाकात की। इस दौरान पदाधिकारियों ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं जैसे अधिशेष शिक्षकों की वेतन व्यवस्था, अवकाश प्रकरण, एमएसीपी स्वीकृति, शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति, अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरण आदि विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर जिला मंत्री विक्रम सिंह, उपशाखा कोटपूतली के अध्यक्ष विजय सैनी, मंत्री राजकुमार सैनी, राकेश अग्रवाल, अनुप कुमार शर्मा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष जयचंद गुर्जर समेत अन्य मौजूद रहे।

परीक्षा आवेदन आज से 12 अगस्त तक

निवाई, (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय में परीक्षा आवेदन की अन्तिम तिथि 12 अगस्त है। प्राचार्य प्रोफेसर पानमल पहाडिया ने बताया कि महर्षिदयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर की मुख्य परीक्षा नियमित एवं स्वयंपाठी अभ्यार्थी स्नातक प्रथम वर्ष सेनेस्टर द्वितीय के आमंत्रित किए गए है। स्नातक प्रथम वर्ष सेनेस्टर द्वितीय बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए, बीबीए व बीपीएस आवेदन 31 जुलाई से 12 अगस्त तक किए जा सकते है। उन्होंने बताया कि उक्त आवेदन विश्वविद्यालय की वेबसाईट के होम पेज पर पेनल फॉर यूजी पार्ट सेनेस्टर 2024 पर विद्यार्थी स्वयं ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। परीक्षा शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड व नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा करवा सकते है। इसके अलावा ई-मित्र के माध्यम से भी आवेदन किए जा सकते है।

ए.आई.आर.एफ का शताब्दी वर्ष मनाया

फुलेरा, (निसं)। फुलेरा जंक्शन के निकट रेल परिसर स्थित नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एंप्लाईज यूनियन शाखा कार्यालय पर मंगलवार को दोपहर ए.आई.आर.एफ का शताब्दी वर्ष समारोह रेलवे पेंशनर सोसायटी शाखा फुलेरा के अध्यक्ष रमेश चन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर मण्डल के मण्डल मंत्री मुकेश चतुर्वेदी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसिस्टेंस जनरल सेक्रेटरी गोपाल मीणा, जनरल सहायक मंत्री मीना सक्सेना, जनरल कार्यकारी अध्यक्ष प्रतीक्षा माथुर, मण्डल महिला विंग अध्यक्ष स्वर्णदीप कौर, सचिव तरुणा सैनी रहे। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम मां शारदे के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात आगन्तुक अतिथियों का स्थानीय शाखा पदाधिकारियों के द्वारा माल्यार्पण कर साफा पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत अभिनन्दन किया गया।

इसी क्रम में कार्यक्रम की अगली कडी में ए.आई.आर.एफ. के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में रेलवे पेंशनर्स सोसायटी के सचिव लाल चन्द कुमावत, सी.पी.त्रिपाठी सहित अन्य उपस्थित पेंशनर्स का सम्मान किया गया साथ ही जल सेवा और गो सेवा के क्रम में श्याम लाल सैनी और शेष नारायण सैनी का विशेष सम्मान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मंच का संचालन एस.के. माथुर के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मण्डल मंत्री मुकेश चतुर्वेदी ने यूनियन सेवानिवृत्त रेलवे पेंशनर्स के सर्वांगीण विकास एवं प्रशासनिक कार्यों में आ रही परेशानी को मध्य नजर रखते हुए सभी रेलवे पेंशनर्स को यूनियन के साथ जोडने के विचारों से अवगत कराया। इसके अलावा महेश सहाय शर्मा, प्रतीक्षा माथुर, मीना सक्सेना, एम.के. वर्मा, सी. पी. त्रिपाठी व श्याम लाल सैनी आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर गिरधर गोपाल, आनन्द स्वरूप मेहरोत्रा, चेनाराम, वीरेन्द्र बंसल, लालाराम, अशोक शर्मा, कालूराम, रमेश चन्द कुमावत, बनवारी लाल कुमावत, किशन लाल सैनी, गंगाराम, नेमी चन्द, अब्दुल रशीद, भगवती प्रसाद ढिक्या, गुलाब चन्द जांगिड, सुमित्रा नाथावत, घनश्याम जांगिड़, छीतरमल, रतन लाल देवन्दा, शंकर लाल आदि उपस्थित रहे।

■ जल सेवा और गो सेवा के लिए श्याम लाल व शेष नारायण का विशेष सम्मान किया